प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हितधारकों से न्यायपालिका में लंबित मामलों का समाधान करने को कहा।
2. मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर महिलाओं और अन्य वंचित समूहों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने की न्यायपालिका की प्रतिबद्धता व्यक्त की।
3. राज्य में उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में मरनेवालों की संख्या हुई ग्यारह, आईजी होमकर ने की पुष्टि, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने झारखंड सरकार पर मौत का आंकड़ा छुपाने का लगाया आरोप।
4. मौसम विभाग ने राज्यभर में अगले चार दिनों तक हल्की बारिश का जताया पूर्वानुमान, आज और कल वज्रपात का येलो अलर्ट।
5. पेरिस पैरालिंपिक में भारतीय खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन जारी, ऊंची कूद में निशाद कुमार ने जीता रजत पदक, प्रीति पाल ने महिलाओं की दो सौ मीटर दौड़ में जीता कांस्य।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि लंबित मामलों को कम करना, न्यायपालिका के लिए एक बडी चुनौती है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय जिला न्यायपालिका सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सभी हितधारकों को एकजुट होकर लंबित मामलों का समाधान तलाशना चाहिए। राष्ट्रपति ने 32 वर्षों से लंबित पड़े मामलों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि दुष्कर्म जैसे घृणित अपराधों के लिए न्यायालय से निर्णय आने में एक पीढी गुजर जाती है। उन्होंने कहा कि इसी कारण आम आदमी, न्यायिक प्रक्रिया में संवेदनशीलता की कमी महसूस करता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि जिला स्तर पर न्यायपालिका के बुनियादी ढांचे, सुविधाएं और प्रशिक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण और व्यापक सुधार किए गये हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कहा कि न्याय प्रणाली का एक अच्छा पारिस्थितिकी तंत्र नागरिकों के लिए उपलब्ध होना चाहिए।

****

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड ने कहा कि लंबित मामलों में कमी लाने के लिए गठित समिति ने इन मामलों के समाधान के लिए एक कार्य योजना लाने की रूपरेखा तैयार की है।

****

झारखंड में उत्पाद सिपाही की बहाली के लिए चल रही शारीरिक जांच परीक्षा में दौड़ के दौरान अभ्यर्थियों के गिरकर बेहोश हो जाने और मौत का सिलसिला जारी है। साहिबगंज में रांची निवासी एक अभ्यर्थी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि साहिबगंज समेत पलामू, हजारीबाग और गिरिडीह में दो दर्जन से अधिक युवा दौड़ के क्रम में बेहोश हो गए। उत्पाद सिपाही दौड़ में अबतक मरने वालों की संख्या ग्यारह पहुंच चुकी है। आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि अबतक ग्यारह अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है।

****

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने पलामू में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान राज्य सरकार पर उत्पाद बहाली में अभ्यर्थियों की मौत का आंकड़ा छुपाने का आरोप लगाया।

****

भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दावा किया है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को बहुमत देगी। श्री चौहान ने आरोप लगाया कि मौजूदा

झारखंड सरकार ने राज्य को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। चुनाव प्रभारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्य को बचाने के लिए भाजपा का दामन थामा है।

****

जमशेदपुर के लोगों को पंचकर्म चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है।

****

मौसम विभाग ने राज्यभर में अगले चार दिनों तक हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं आज और कल वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

पेरिस पैरालिंपिक के चौथे दिन भी भारतीय खिलाडियों का प्रदर्शन अच्छा रहा। एथलेटिक्स में पुरुषों की ऊंची कूद–टी 47 स्पर्धा में निशाद कुमार ने दो दशमलव चार मीटर की कूद लगाकर रजत पदक जीता। इसके साथ ही भारत के पदकों की संख्या सात हो गई है। इसमें एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। वहीं प्रीति पाल ने महिलाओं की दो सौ मीटर टी–35 स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल कर अपना दूसरा कांस्य पदक जीता।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने उत्पाद सिपाही बहाली में अभ्यर्थियों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–राज्य सरकार ने माना अबतक छह केंद्रों पर ग्यारह अभ्यर्थियों की मौत।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी ग्यारह अभ्यर्थियों की मौत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर, हिन्दुस्तान और दैनिक जागरण ने भी अभ्यर्थियों की मौत की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

****